पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून मंगलवार 28 अप्रैल 2020



विस कार्मिकों को कोविड 19 बचाव की जानकारी देते हुए चिकित्सक।



## संक्षिप्त समाचार

### कुलदीप सिंह असवाल ने 2.50 लाख का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से इंजीनियर्स एनक्लेव निवासी कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह असवाल के नेतृत्व में भेंट की, उन्होंने कोविड–19 के दृष्टिगत 2.50 लाख का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। उन्होंने अवगत कराया कि उनके द्वारा प्रतिदिन 100 पैकेट भोजन, बिस्कुट जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही उद्यमी श्री सुमित अदलखा, डालनवाला ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 1 लाख रुपए की धनराशि का चेक भेंट किया ।

### विधायकों के भत्ते व निधि क्यों नहीं हो सकते फ्रिज मोर्चा

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा कोरोना महामारी की आड़ में प्रदेश के लगभग तीन लाख से अधिक कर्मचारियों के डी.ए. आदि में कटौतीध् फ्रिज करने का फरमान जारी किया गया है, जोकि सीधे–सीधे कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है और विधायकों के भत्ते व निधि को क्यों नहीं फ्रिज किया जा रहा है। नेगी ने कहा कि सरकार को चाहिए था कि सबसे पहले आगामी 2 वर्षों तक विधायकों का निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, जोकि 1.5 लाख रुपए प्रति विधायक, प्रतिमाह है,उसको फ्रिज करना चाहिए था।

### पब्लिक स्कूलों की मनमानी का किया जायेगा विरोध

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि संवेदनहीन प्रदेश सरकार ने प्रदेशवासियों को प्राईवेट स्कूलों पर लुटने के लिए छोड दिया है और पब्लिक स्कूलों की मनमानी का पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा और लॉकडाउन के दौरान सरकार के आदेशों की अवहेलना की जा रही है और प्रदेश सरकार को पब्लिक स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाये जाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने प्रदेश सरकार से पब्लिक स्कूलों से तीन माह की फीस माफ करने की मांग उठाई है।

### आरबी ने किया राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू

**संवाददाता** देहरादून। किटाणुओं से लड़ने में मदद के लिए डिसइनफेक्शीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के तहत आरबी के अग्रणी डिसइनफेकटैंट ब्रांड लाइजॉल ने एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान हैजटेक डिसइंफेक्टटुप्रोटेक्ट को शुरू किया है। यह अभियान संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए फर्श को साफ रखने और उसे डिसइनफेक्टबनाने की जरूरत पर लोगों को शिक्षित करने पर केंद्रित है।

## चिकित्सकों ने कार्मिकों को दी कोविड 19 बचाव की जानकारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल के निर्देशों के अनुरूप विधानसभा परिसर में कोरोना संक्रमण कोविड 19 से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा भवन में स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय द्वारा विधानसभा परिसर के सभी अनुभाग में मौजूद कार्मिक एवं अन्य कर्मचारियों की थर्मल स्कैनिंग की गई साथ ही इस दौरान होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा कार्मिकों को कोविड–19 के बचाव से संबंधित जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा भवन में आज जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में विधानसभा में स्थित होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा विधानसभा परिसर में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मचारियों, पीएसी जवानों सहित सभी कर्मीको का थर्मल स्कैनिंग कर स्वास्थ्य जांच की गई।इस दौरान सभी को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए नियमित प्रयोग किए जाने वाले उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर इसके साथ ही होम्योपैथिक विभाग द्वारा सभी कर्मियों को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु होम्योपैथिक दवाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर अवगत करा दें कि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल के निर्देश पर विस परिसर को समय–समय पर सैनिटाइज करवाए जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में स्थितियां फिर सुधरेंगीः सीएम

**वीडियो कांफ्रेंसिग**

सीएम ने पीएम की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्रियों की वीडियो कांफ्रेंसिग में किया प्रतिभाग

गाइडलाइन के तहत कई उद्योग शुरू हुए है

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्रियों की वीडियो कांफ्रेंसिग में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के समय पर लिए गए साहसिक निर्णय से देश आज खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। हर भारतवासी प्रधानमंत्री को अपने अभिभावक के तौर पर देख रहा है। उत्तराखंड में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये मंत्र 'जान भी जहान भी' पर काम कर रहे हैं। भारत सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करते हुए धीरे–धीरे आर्थिक स्थिति को सुधारने पर काम कर रहे हैं। फार्मा, फूड प्रोसेसिंग की



इकाइयां काम कर रही हैं। गाइडलाइन के तहत कई उद्योग शुरू हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अक्षय तृतीया पर शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खोले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड, पर्यटन विशेष तौर पर धार्मिक पर्यटन का केन्द्र रहा है। लाकडाऊन के कारण पर्यटन में नुकसान हुआ है परंतु पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में स्थितियां फिर सुधरेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मेडिकल मानकों का पालन करते हुए यह देखना चाहिए कि किन किन और आर्थिक गतिविधियों को शुरू किया जा सकता है। निर्धारित शारीरिक दूरी और मास्क की अनिवार्यता के साथ कृषि, वानिकी, स्वरोजगार के माध्यम से धीरे–धीरे चरणबद्ध तरीके से स्थिति सामान्य हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 9 पर्वतीय जिले जो कि कोरोना के प्रभाव से मुक्त हैं, वहां एनएच, मनरेगा के काम, सभी बातों का ध्यान रखते हुए शुरू किए गए हैं। प्रदेश के इकोनोमिक रिवाइवल के लिए, मंत्रिमण्डलीय उपसमिति और विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है, जिनकी रिपोर्ट जल्द ही मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि मनरेगा में रोजगार की अवधि को 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन किया जाए।

# मनमानी करने वाले किराने वालों पर चला श्वेता का चाबुक'

**लॉकडाउन**

■ एसपी श्वेता मुख्य बाजार ,झंडा बाजार की दुकानो की चेकिंग' की

देहरादून। **संवाददाता**

दून मुख्य बाजार से लेकर छोटी छोटी किरानो की दुकानो की समय को लेकर मनमानी थमने का नाम नही ले रही है। लॉकडाउन के अंतर्गत दुकानदारों को सशर्त दी गयी छूट के 'नियमों को ताक पर रखते हुए दुकानदार अपने तय समय तक दुकान का संचालन कर रहे' है। इन्ही मनमाने दुकानदारों की खबर लेने आज 'शहर एसपी श्वेता चौबे ने क्यूआरटी टीम के साथ घण्टाघर मुख्य बाजार



मंडी,झंडा बाजार की दुकानो की चेकिंग' कर डाली। इसके साथ ही उनके द्वारा मुख्य बाजार में दो दो सवारी लेकर दोपहिया दौड़ा रहे लोगों को चालान कर सबक भी सिखाया।

'शहर में सभी दुकानदारों को सामान बेचने में सरकार ने जहां सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक दुकान खोलने की छूट प्रदान की है वहीं कुछ दुकानदार पुलिस की नजरों से बचते हुए दुकान के लिए मंगाए गए सामान को दुकान में रखने के नाम पर शाम 4 –5 बजे तक दुकान खोल रहे है जिससे यह खरीदारों को भी मनमाने समय के अनुसार खरीदारी का न्योता भी दे रहे' है।

एसपी सिटी श्वेता चौबे सोमवार को घण्टाघर,झंडा बाजार के ऐसे ही दुकानदारों पर लगाम लगाने के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजपाल सिंह रावत व अन्य क्यूआरटी टीम के साथ पैदल बाजार निरीक्षण पर निकली। इस दौरान 4 बजे तक दुकान खुली छोड़ने की बात सामने आई जिसपर एसपी सिटी ने ऐसी मनमानी के लिए उन दुकानदारों को कानूनी नियमों को मजाक समझने के लिए जमकर लताड़ा। जिसके बाद उन्होंने केवल सामान लाने के समय ही शटर खोलने की हिदायत देते हुए अगली बार कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी।'

## प्राइवेट स्कूल तीन माह की फीस करें माफः राजकुमार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को पत्र लिखकर प्राइवेट स्कूलों के लिए आर्थिक पैकेज को जारी करने की व्यवस्था करें और लॉकडाउन के चलते हुए तीन माह की फीस को माफ किया जाये और इसके लिए स्पष्ट आदेश जारी किये जाये। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते लॉकडाउन की वजह से ऑनलाइन पढाई शुरू करने की बात तो की जा रही है लेकिन कई अभिभावक ऐसे है जिन्होंने लॉकडाउन की वजह से बुक सैलरों की दुकानें बंद होने के कारण बच्चों की किताबें अभी तक नहीं ली है।

उन्होंने कहा कि बहुत से बच्चों का स्कूल बदला जाना है और उनको भी किताबों की आवश्यकता है उनको सभी को न्यूनतम दरों पर किताबें दिलवाई जाये जिससे छात्र छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर सके।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।